रेलवे स्टेशन पर घंटों तड़पता रहा घायल यात्री

नहीं पहुंची एंबुलेंस, व्यस्त रहा एफआरवी, मूक दर्शक बना रहा आरपीएफ

नवभारत न्यूज

सतना 3 अगस्त. मझगवां और इटवां डुंडैला रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर घायल हुए यात्री को मेमो ट्रेन के जरिए मझगवां रेलवे स्टेशन तक तो पहुंचा दिया गया. लेकिन वहां से 1 किमी की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में उसे घंटों लग गए. 108 एंबुलेंस, एफआरवी वाहन और आरपीएफ अमले की संवेदनहीनता के चलते इस दौरान घायल यात्री मझगवां रेलवे स्टेशन पर बुरी तरह तड़पता रहा.

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरपीएफ मझगवां को सोमवार की सुबह इस बात की सूचना प्राप्त हुई कि मझगवां और इटवां डुंडैला रेलवे स्टेशन के बीच एक यात्री ट्रेन से गिर गया है. जिसके चलते आरपीएफ स्टॉफ दोनों रेलवे स्टेशन के जंगल क्षेत्र में पहुंचा. जहां पर एक रेल यात्री घायल अवस्था में पड़ा नजर आया. आरपीएफ द्वारा उक्त घायल यात्री को मेमो ट्रेन के जरिए मझगवां रेलवे स्टेशन पर वापस ले आया गया. जिसके बाद 108 एंबुलेंस और एफआरवी 112 को सूचना दी गई. लेकिन घंटो बीत जाने के बावजूद वहां कोई नहीं पहुंचा. जिसके चलते बुरी तरह घायल और लहुलुहान यात्री प्लेटफार्म पर पत्थर के चबूतरे पर पड़ा दर्द से कराहता रहा. आलम यह हो गया कि असहनीय दर्द के कारण घायल व्यक्ति को मूर्छा आने लगी. लेकिन न तो एंबुलेंस और एफआरवी मौके पर पहुंचे और न ही आरपीएफ द्वारा किसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रयास किया गया. घंटो बाद एफआरवी वाहन के मौके पर पहुंचने पर घायल को उसमें लादकर सीएचसी मझगवां पहुंचाया गया. जहां पर उसकी हालत को देखते हुए प्रारंभिक उपचार के बाद रेफर करने की तैयारी शुरु कर दी गई.

शर्मसार हुई मानवता...

बताया गया कि कॉल किए जाने पर 108 एंबुलेंस मझगवां रेलवे स्टेशन के पीछे तक तो पहुंच गई. लेकिन एंबुलेंस स्टॉफ ने घायल यात्री को प्लेटफार्म से उठाकर लाने की जहमत नहीं उठाई और वापस लौट गए. वहीं दूसरी ओर मझगवां का एफआरवी वाहन द्वारा व्यस्तता का हवाला देकर इवेंट को नहीं लिया गया. जिसके चलते काफी समय बाद बरौंधा एफआरवी को मौके पर भेजा गया. वहीं दूसरी ओर ट्रेन से गिरकर घायल यात्री को 5 किमी से अधिक दूरी से लेकर आरपीएफ अमला मझगवां स्टेशन तक तो पहुंच गया. लेकिन वहां से महज 1 किमी दूर स्थित सीएचसी तक घायल हो पहुंचाने के अपने स्तर पर कोई प्रयास नहीं किए और यात्री को उसके हाल पर छोड़े रखा गया. इतना ही नहीं बल्कि इस मौके पर क्षेत्र के कोई जनप्रतिनिधि भी काम नहीं आए.

किशोरी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

अबेर में झाड़ियों के बीच मिली थी लाश

नवभारत न्यूज

सतना, 3 अगस्त. जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अबेर में 14 वर्ष की बालिका की हुई अंधी हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी धान की रोपाई की मजदूरी करने के लिए पखवाड़े भर पहले आया था और घटना वाले दिन ही वापस लौटने वाला था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रेमलाल कुर्वे से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह लगभग 06.00 बजे थाना कोटर में सूचना मिली कि एक 14 वर्ष की नाबालिक लड़की का शव ग्राम अबेर लखनवाह रोड के किनारे मिली है जिस सूचना पर तत्काल थाना से टीम रवाना होकर मौके पर पहुँची। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पता तलाश हेतु टीम गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा एवं सायबर सेल तथा एफएसएल टीम द्वारा आरोपी की पता तलाश हेतु साक्ष्य एकत्रित किया गया एवं घटना स्थल के पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज के आधार पर नाबालिक लड़की एवं संदिग्ध को घटनास्थल के पास जाते देखा गया। संदिग्ध की तलाश कर दस्तयाब किया गया एवं पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी। जिसकी पहचान प्रताप सिंह पिता दिलीप सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी चड्डा फैक्ट्री चैनपुरिया थाना बिलासपुर जिला रामपुर उ.प्र. के तौर पर हुई।

आरोपी प्रवासी श्रमिक निकला

आरोपी ने बताया कि धान की रोपाई करने अपने गाँव के लोगों के साथ ग्राम अबेर 15 दिन पूर्व आया था एवं अपने साथियों के साथ मृतिका के घर के बगल में किराये से कमरा लेकर रहता था। रविवार की सुबह के समय नाबालिक लड़की के बाहर फ्रेश होने के लिए जाते समय पीछा कर उसके साथ गलत काम करना एवं मना करने पर हत्या करना स्वीकार कर लिया।

सूने मकान में धावा बोलने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

चुराया गया सारा सामान बरामद करने का पुलिस ने किया दावा

नवभारत न्यूज

सतना, 3 अगस्त. सूने मकान में हुई लाखों की चोरी का 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 16.50 लाख रुपये मूल्य के चोरी के गहने बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर गौरव पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के मौलवी नगर, नजीराबाद निवासी अकील मोहम्मद 31 जुलाई को अपनी पत्नी के साथ गांव गए थे। घर पर ताला लगा था। इसी दौरान देर रात बदमाशों ने ताला तोड़कर घर में रखी नकदी और लाखों रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। अगले दिन 1 अगस्त की सुबह पड़ोसी से सूचना मिलने पर अकील मोहम्मद घर पहुंचे। घर का सामान बिखरा मिला, जिसके बाद उन्होंने चोरी हुए सामान की सूची के साथ सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने साइबर सेल के साथ साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान फुटेज के आधार पर मोहम्मद अरमान पुत्र मोहम्मद नौशाद और मोहम्मद हम्माद पुत्र मोहम्मद इसराइल, दोनों निवासी नजीराबाद, संदिग्ध के रूप में सामने आए।

जेल भेजे गये आरोपी

पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। इसी कड़ी में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 16.50 लाख रुपये मूल्य के चोरी के गहने बरामद किए हैं। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बाइक को चपेट में लेते हुए दुकान से टकराया ट्रक

बाल बाल बची जान, रेलवे स्टेशन के मालगोदाम क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

सतना 3 अगस्त. रेलवे स्टेशन के माल गोदाम क्षेत्र में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब उर्वरक की बोरियों से लदा एक ट्रक बिना चालक के अपने आप ही चलने लगा. लुढ़क रहे ट्रक ने पहले तो एक बाईक को अपनी चपेट में ले लिया और उसके बाद दुकान के किनारे से टकराते हुए रुक गया. गनीमत इस बात की रही कि इस घटना के चलते कोई जनहानि नहीं हुई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्र. एमपी 19 एचए 5939 रेलवे माल गोदाम पहुंचा था. जहां पर रैक से उर्वरक की बोरियां लोड करने के बाद चालक ने ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया. लेकिन चालक के दूर जाते ही ट्रक अचानक अपने आप लुढ़कने लगा. बिना चालक के ट्रक को लुढ़कता देख वहां पर मौजूद लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई. लोग शोर मचाते हुए अपनी जान बचाने के लिए जहां तहां भागने लगे. बताया गया कि ट्रक लुढ़कते हुए स्टेशन रोड की ओर बढ़ने लगा. इसी दौरान वहां पर एक बाइक खड़ी थी, जिसको ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया. ट्रक को अपनी ओर बढ़ता देख बाइक से सटकर खड़ी मां-बेटी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई. मामले की गंभीरता को देखते हुए वहां पर मौजूद कुछ लोगों ने साहस जुटाया और ट्रक को राकने का प्रयास शुरु कर दिया. जहां कुछ लोगों द्वारा शोर मचाते हुए लोगों को रास्ते से हटाया जाने लगा. वहीं एक उनमें से एक व्यक्ति ने हिम्मत दिखाई और ट्रक पर चढ़ते हुए ब्रेक को दबा दिया. लेकिन इससे पहले कि ट्रक रुक पाता उसकी टक्कर से स्टेशन रोड की एक दुकान आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हो गई. ट्रक के रुकने पर लोगों ने राहत की सांस ली. यह तो गनीमत रही कि अनियंत्रित ट्रक स्टेशन रोड पर नहीं पहुंच गया. अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था.

सही साबित हो रहीं आशंकाएं

रेलवे के माल गोदाम से उर्वरक अथवा खाद्यान्न लोड कर उन्हें गोदाम तक पहुंचाने के लिए जिस तरह के कंडम वाहनों का इस्तेमाल हो रहा है उन्हें देखते हुए पहले दिन से ही दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई थी. पिछले दिनों ओवर ब्रिज पर खराब हुए एक ट्रक की वजह से लोगों को घंटों भीषण जाम की समस्या से दो चार होना पड़ा था. वहीं सोमवार को सामने आई इस घटना से एक बार फिर से खतरे की घंटी बजा दी है. नगरवासी उन पुराने मंजरों को भूल नहीं पा रहे हैं जबपरिवहन में लगे ट्रक किसी काल की तरह सड़क पर निकलते थे. सोमवार को सामने आई घटना के पीछे का कारण हैण्डब्रेक फेल होने के तौर पर सामने आया.

बघेली संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने सांसद ने केंद्र से रखी मांग

नवभारत न्यूज

सतना, 3 अगस्त. बघेलखंड की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में सतना सांसद गणेश सिंह ने संसद में महत्वपूर्ण पहल की है।

सोमवार को लोकसभा के शून्यकाल के दौरान सांसद ने बघेलखंड की लोक संस्कृति, बघेली भाषा और चित्रकूट की धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से पांच प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि बघेलखंड की सांस्कृतिक परंपराएं देश की अमूल्य धरोहर हैं, लेकिन उन्हें अब तक वह राष्ट्रीय पहचान नहीं मिल सकी है जिसकी वे हकदार हैं। सांसद ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

ऐसे में बघेलखंड की प्राचीन लोक संस्कृति, लोककला, लोकभाषा और धार्मिक परंपराओं को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान और संरक्षण मिलना चाहिए।

देशभर में बढ़ा संस्कृति संरक्षण का दायरा

सांसद गणेश सिंह ने सदन को बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। देशभर में हजारों सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और करोड़ों रुपये की सहायता विभिन्न संस्थाओं एवं कलाकारों को उपलब्ध कराई गई है। इससे भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं को नई पहचान मिली है।

गहोई वैश्य पंचायत ने हर्षोल्लास से मनाई राष्ट्रकवि की जयंती

नवभारत न्यूज

सतना, 3 अगस्त. गहोई वैश्य पंचायत, सतना द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त (दद्दा जी) की जयंती सोमवार, 3 अगस्त को भरहुत नगर स्थित राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में बेहद हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

इस गौरवमयी अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने दद्दा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष संजय बड़ेरिया ने की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं का आत्मीय स्वागत करते हुए राष्ट्रकवि के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में गोविन्द बड़ेरिया, केजी गुप्ता, केएल रूसिया, सुरेश बड़ेरिया, मनोज कटारे, संजय मोर, शैलेश गुप्ता, अखिलेश कुचया, डॉ. अशीष सेठ, विनोद खांगट, आनंद कस्तवार, राज किशोर झुड़ेले, राजेश बड़ेरिया, नितेश बड़ेरिया, संदीप खंताल, अंकुर कुचया, सचिन कुचया, डॉली रावत, शीतल कुचया, ऊषा बड़ेरिया, वर्षा कटोर सदस्य शामिल हुए।

बैरिस्टर गुलशेर अहमद की जन्म जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सैकड़ों लोग

नवभारत न्यूज

सतना, 3 अगस्त. कांग्रेस प्रवक्ता अमित गोयल ने बताया की विधायक व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सतना सिद्धार्थ कुशवाहा, जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी तथा पुत्र एवं पूर्व मंत्री शाहिद अहमद जी के नेतृत्व में स्वर्गीय बैरिस्टर गुलशेर अहमद की 106वीं जन्म जयंती काशी पैलेस जवाहर नगर सतना में मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश संगठन सह प्रभारी रणविजय सिंह रहे अध्यक्षता सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा जी ने की। इस गरिमामई कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र द्विवेदी, निशिथ पटेल, आनंद शुक्ला, धर्मेश घई, दिलीप मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, तोषण सिंह, नीलांशु चतुर्वेदी, राम लखन पटेल, कल्पना वर्मा, रामशंकर प्यासी, डॉ रश्मि पटेल की विशेष उपस्थिति रही। डॉ राजेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य अतिथि गणों में दीप प्रज्वलित कर बैरिस्टर गुलशन अहमद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके पश्चात वहां मौजूद सभी कांग्रेस जनों एवं शहर वासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

संगठन से प्रभारी श्री रणविजय सिंह जी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन ने कहा की जिन जिन पदों पर स्वर्गीय बैरिस्टर गुलशेर अहमद जी रहे उसमें से एक पद को पाने के लिए हम सब उम्र भर कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वह विंध्य के गौरव थे मैं उन्हें नमन करता हूं।

एक नजर में

वैश्य समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

सतना। खरे केशरवानी वैश्य समाज द्वारा छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम समाज के नव निर्माणाधीन भवन टिकुरिया टोला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती डॉक्टर सुनीता गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अधिकारी सागर गुप्ता ने किया कार्यक्रम में संरक्षक रामाधार गुप्ता, राजेंद्र कुमार गुप्ता, संघ के नगर संघ चालक कृष्ण कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष बनारसी लाल गुप्ता मंचासीन रहे

लायंस क्लब व कोटर उद्धव का संयुक्त शपथ ग्रहण

सतना। रविवार 2 अगस्त को क्राउन रिज़ॉर्ट मे सम्पन्न हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लायन सुधीर जैन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवंशपथ अधिकारी लायन सत्येंद्र शर्मा पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के साथ ज़ोन चेयरपर्सन द्वेय आर बी नामदेव, एवम रमेश मिश्रा मंचासीन रहे, संचालन प्रीति सिंह ने किया ध्वज वंदना वाचन डॉ रियंका अग्रवाल ने किया ।

15 अगस्त को होंगे अनेक सामाजिक एवं राष्टभक्ति के कार्यक्रम

सतना। हार्डवेयर पेंट्स एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक 1अगस्त शनिवार को संस्थाध्यक्ष घनश्याम दास अच्छडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में संस्था के संरक्षक रूपचंद सचदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया बैठक में कई विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया एवं आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक,सांस्कृतिक एवं राष्टभक्ति कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान प्रतियोगिता में एकेएस का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

सतना, 3 अगस्त। माय भारत केंद्र के तत्वावधान में स्थानीय शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय, सतना में आयोजित जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत युवा अभियान-2026 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विश्वविद्यालय के 22 सदस्यीय दल ने लोकगीत, वाद-विवाद, चित्रकला, स्लोगन लेखन, कविता लेखन एवं रील निर्माण प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोकगीत प्रतियोगिता में श्री प्रियेश झा, श्री ऋषभ त्रिपाठी एवं श्री आशुतोष सोनी के कुशल नेतृत्व में राखी, मनीष, जागृति, श्रेयस, सोनाली, शिवेश, सुमित, राजन एवं सुमित की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं फैकल्टी ऑफ लॉ के एडवाइजर श्री सूर्यनाथ सिंह गहरवार, सॉफ्ट स्किल विभागाध्यक्ष श्री अमरप्रीत सलूजा तथा डॉ. शुभ्रा मिश्रा के मार्गदर्शन में छात्रा दिव्या तिवारी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम तथा छात्रा अनुपमा पटनहा ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। छात्र सात्विक मांझी ने कविता लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक निदेशालय के समन्वयक श्री बालकृष्ण मिश्रा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में अनुशासित एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

एमपी टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता 7 को

सतना 03 अगस्त. मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार जिले में पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से एम.पी. टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 7 अगस्त 2026 को ए.के.एस. यूनिवर्सिटी, सतना में आयोजित होगी।

पहले सावन सोमवार पर गैबीनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

सतना 03 अगस्त. सावन माह के प्रथम सोमवार को सतना जिले के प्रसिद्ध एवं प्राचीन श्री गैबीनाथ स्वामी मंदिर बिरसिंहपुर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह से ही शिवभक्तों का मंदिर परिसर में तांता लगा रहा। भक्तजन श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान शिव का जल, दुग्ध एवं पूजन सामग्री से अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करते रहे। प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत श्रद्धालु सुव्यवस्थित ढंग से जलाधारी पर भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं। व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के लिए तहसीलदार डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी सभापुर शंखधर द्विवेदी सहित राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों का प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहा है।

प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान और वैचारिक प्रासंगिकता पर प्रलेस की गोष्ठी

नवभारत न्यूज

सतना, 3 अगस्त. प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) की सतना जिला इकाई द्वारा रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर हॉल में 'हमारे प्रेमचंद' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में प्रेमचंद के रचनात्मक अवदान तथा वर्तमान आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संदर्भों में उनकी वैचारिक प्रासंगिकता पर विस्तार से विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री सम्मान प्राप्त साहित्यकार बाबूलाल दाहिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नागौद प्रलेस के अध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत मिश्र उपस्थित रहे। जिला इकाई के महासचिव विजयशंकर चतुर्वेदी ने विषय-प्रवर्तन किया तथा जिला इकाई के अध्यक्ष एडवोकेट संतोष खरे ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद प्रलेस जिला इकाई के पदाधिकारी आदित्य प्रताप सिंह की चाची के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवा कवि अतुल व्यास ने प्रेमचंद की दुर्लभ कहानी 'आत्म-संगीत' का प्रभावपूर्ण पाठ किया, जिससे गोष्ठी का वातावरण गंभीर और साहित्यिक हो उठा। विषय-प्रवर्तन करते हुए पत्रकार-कवि-लेखक विजयशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि प्रेमचंद इसलिए हमारे हैं, क्योंकि उन्होंने भारत के सबसे खामोश, उपेक्षित और शोषित मनुष्य को अपनी रचनाओं में स्वर दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने कहा कि कम उम्र पाने के बावजूद उपन्यास सम्राट प्रेमचंद ने विपुल साहित्य की रचना की, जो आज भी आश्चर्यचकित करता है। उनकी अमर कृतियां क्लासिक होने के साथ समाज को सच पहचानने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती हैं।